मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-152
19/03/2025

मुख्यमंत्री ने श्रीमती सुनीता विलियम्स सहित क्रू–9 के सदस्यों की अंतरिक्ष से धरती पर सकुशल वापसी पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 19 मार्च, 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने श्रीमती सुनीता विलियम्स सहित क्रू–9 के सदस्यों की अंतरिक्ष से धरती पर सकुशल वापसी पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष में इतने लंबे समय तक रहने के बाद श्रीमती सुनीता विलियम्स सहित क्रू–9 के सदस्यों की धरती पर सकुशल वापसी एक सुखद समाचार है। यह पूरी यात्रा उनके धैर्य और दृढ़ता की जीत को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती सुनीता विलियम्स का यह अंतरिक्ष मिशन मानव कल्याण के विभिन्न आयामों में मददगार साबित होगा। धरती पर वापसी की इस पूरी सफलता के लिए नासा, स्पेसएक्स तथा एस्ट्रोनॉट्स को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूं।

******